1 निम्नलिखित काव्यांशों को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही विकल्पों को चुनकर लिखिए —

⇒ रहिमन धागा प्रेम का, मत तोड़ो चटकाय।
टूटे से फिर ना मिले, मिले गाँठ परि जाए।।
रहिमन निज मन की बिथा, मन ही राखो गोय।
सुनि अठिलैहैं लोग सब, बाँटि न लैहैं कोय।।

प्रश्न — 1) कवि ने प्रेम की तुलना किससे की है —

(क) सूत्र से (ख) रस्सी से
(ग) रबड़ से (घ) मन से

उत्तर ........................

2) उपर्युक्त दोहे किस प्रकार के हैं ?
(क) श्रृंगारपरक (संयोग श्रृंगार) (ख) श्रृंगारपरक (वियोग)
(ग) नीतिपरक (घ) भक्तिपरक

3) 'बिथा' का तत्सम रूप है —
(क) व्यथा (ख) व्यथा
(ग) बिपति (घ) विपत्ति

4) 'गोय' का अर्थ है —
(क) छिपाना (ख) ढूँढना
(ग) प्रकट करना (घ) हँसना

Assignment 1

5) मन की पीड़ा का क्या करना चाहिए?
(क) लोगों को बताना चाहिए।
(ख) अपने मित्रों को बताना चाहिए।
(ग) अपने मन में ही रखना चाहिए।
(घ) अपने मनमस्तिष्क में ही रखना चाहिए।

2) एकै साधे सब सधै, सब साधे सब जाए।
रहिमन मूलहिं सींचिबो, फूलै फलै अघाय॥
चित्रकूट में रमि रहे, रहिमन अवध नरेस।
जा पर विपदा पड़त है, सो आवत यह देस॥

प्रश्न :- 1) सभी कार्य किस प्रकार सम्पन्न हो जाते हैं?
(क) पूजा पाठ करने से (ख) एक ही इश्वर
(ग) मेहनत करने से (घ) एकाग्रचित्त होने से

2) पेड़ किस प्रकार फलता - फूलता है?
(क) फूल पत्तों पर पानी का छिड़काव करने से।
(ख) पर्याप्त धूप व, पानी से।
(ग) पर्याप्त धूप, पानी व हवा से।
(घ) जड़ को सींचने से।

3) दोहे किसके बारे में हैं?
क) राजा दशरथ के
ख) राजा जनक के
ग) रामचंद्रजी के
घ) भरत के

4) अवध नरेश चित्रकूट में रहे —
क) शान्ति पाने के लिए
ख) यज्ञ करने के लिए
ग) असुरों का दमन करने के लिए
घ) राज्य में सुख - समृद्धि की वृद्धि के लिए

Assignme

5) नरेश के पर्यायवाची हैं –

क) सम्राट, इंदु
ख) नृप, राजा
ग) राजा, जनक
घ) भूप, सुरेश